NCERT Solutions for Class 4 Hindi Chapter 9 – स्वतंत्रता की ओर

Page No 74:

Question 1:

इस कहानी को पढ़कर तुम्हें बापू के बारे में कई बातें पता चली होंगी। उनमें से कोई तीन बातें यहाँ लिखो।

- ……
  ……
- ……
  ……
- ……
  ……


Answer:

- गांधी जी सत्यवादी थे।
- गांधी जी अन्याय व हिंसा का विरोध अहिंसा से करते थे।
- गांधी जी चरखे पर सूत कातते थे।

Question 1:

धनी की माँ चूल्हा फूँक रही थीं।

धनी की माँ खाना पकाने के लिए चूल्हे का इस्तेमाल करती थीं। नीचे कुछ चित्र बने हैं। इनके नाम पता करो और लिखो।



• इनमें कौन-कौन से ईंधन का इस्तेमाल किया जाता है?

• तुम्हारे घर में खाना पकाने के लिए इनमें से किसका इस्तेमाल किया जाता है?

Answer:

(क) स्टोव, चूल्हा, गैस स्टोव, अँगीठी।

स्टोव – मिट्टी का तेल।

चूल्हा – लकड़ी।

गैस स्टोव – गैस।

अँगीठी – कोयला।

(ख) हमारे घर में खाना पकाने के लिए गैस स्टोव का इस्तेमाल होता है।

Page No 75:

Question 1:

(क) धनी ने गांधी जी से सुबह के समय बात करना क्यों ठीक समझा होगा?

(ख) धनी बिन्नी की देखभाल कैसे करता था?

(ग) धनी को यह कैसे महसूस हुआ होगा कि आश्रम में कोई योजना बनाई जा रही है?

Answer:

(क) धनी ने गांधी जी से सुबह के समय बात करना ठीक समझा होगा। सुबह के समय गांधी जी आश्रम में टहलते थे। उस समय उनके पास कोई काम नहीं होता था।

(ख) धनी बिन्नी को हरी-हरी घास खिलाता था। बर्तन में पानी पिलाता था। आश्रम में उसको लेकर घूमाता था। उसका पूरा-पूरा ख्याल रखता था।

(ग) आश्रम में सभी लोग गांधी जी के साथ बैठकर गंभीर बात कर रहे थे। गांधी जी उन्हें कुछ न कुछ निर्देश भी दे रहे थे। इन सब से धनी को लगा कि आश्रम में कोई योजना बनाई जा रही है।

Question 1:

नीचे कहानी में आए कुछ शब्द लिखे हैं। कक्षा में चार-चार के समूह में एक-एक चीज़ के बारे में पता करो-

स्वतंत्रता	सत्याग्रह
खादी	चरखा

तुम इस काम में अपने दोस्तों से, बड़ों से, शब्दकोश या पुस्तकालय से सहायता ले सकते हो। जानकारी इकट्ठा करने के बाद कक्षा में इसके बारे में बताओ।

Answer:

स्वतंत्रता – आज़ादी- भारत ने एक लंबे समय के बाद स्वतंत्रता प्राप्त की थी। अंग्रेज़ों ने भारत पर कब्ज़ा करके इसे गुलाम बना लिया था। स्वतंत्रता पाने के लिए कई वीरों ने बलिदान दिया था, तब जाकर हमें 15 अगस्त 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी।

सत्याग्रह – सत्य के लिए आग्रह करना- गांधीजी ने सत्याग्रह आंदोलन के द्वारा अंग्रेज़ों का मुकाबला किया था। इसमें बिना खून-खराबे के सरकार का विरोध किया गया। इस आंदोलन ने अंग्रेज़ी सरकार की नींद उड़ा दी थी।

खादी – चरखे से बनाए धागे का मोटा कपड़ा- खादी सूत से बना वस्त्र होता है। गांधीजी ने खादी अपनाकर अंग्रेज़ी वस्त्रों का बहिष्कार किया था। उन्होंने भारत के लोगों को खादी अपनाने का आग्रह किया। इस तरह भारत के लघु उद्योगों को पुनः स्थापित करने का प्रयास किया गया।

चरखा – सूत कातने का लकड़ी से बना यंत्र- चरखा लकड़ी से बना होता है। इससे सूत काता जाता है।

Question 1:

गांधी जी ने धनी से कहा, “क्या तुम आश्रम में ही रहकर मेरे लिए बिन्नी की देखभाल करोगे?”

धनी ने गांधी जी की बात मान ली।

जब गांधी जी दांडी यात्रा से लौटे होंगे, तब आश्रम में क्या-क्या हुआ होगा? आगे की कहानी सोचकर लिखो।

Answer:

गांधी जी दाडी यात्रा से लौटे, तो लोगों ने फूलों के हारों से उनका स्वागत किया। धनी ने भी उन्हें माला पहनाई। गांधी जी ने उसे गोद में उठा लिया। वह भागा-भागा गया और अपनी बकरी का दूध ले आया। इस पर हँसते हुए गांधी जी ने कहा, "चलते-चलते थक गया हूँ, अब ताकत लौट आएगी।" धनी ने खुश होकर कहा, "मैं सुबह शाम दूध लेकर आऊँगा, जिससे आप मेरी बिन्नी की तरह मोटे-ताज़े हो जाओगे। उसकी बात सुनकर सब हँस पड़े होंगे।

Page No 76:

Question 1:

(क) धनी यात्रा पर जाने के लिए उत्सुक क्यों था?

• अगर तुम धनी की जगह होते तो क्या तुम यात्रा पर जाने की जिद करते? क्यों?

(ख) गांधी जी ने धनी को न जाने के लिए कैसे मनाया?

• क्या तुम गांधी जी के तर्क से सहमत हो? क्यों?

Answer:

(क) वह जानना चाहता था कि यह यात्रा महत्वपूर्ण है। वह देखना चाहता था कि इस यात्रा में क्या-क्या क्या होने वाला है? इसलिए धनी उत्सुक था।

• अगर हम धनी कि जगह होते तो हम भी यात्रा पर जाने की जिद करते। देश के लिए कुछ करना हमारा भी कर्तव्य बनता है।

(ख) गांधी जी ने धनी को बिन्नी की देखभाल के लिए राजी करके मनाया।

• हाँ, हम गांधी जी के तर्क से सहमत हैं क्योंकि इतनी लंबी यात्रा बच्चे नहीं कर सकते। फिर बिन्नी केवल धनी के हाथों से ही खाना खाती थी इसलिए उसकी देखभाल ज़रूरी थी।

Question 1:

गांधी जी ने कहा, "जब मैं वापस आऊँगा तो मुझे खूब सारा दूध पीना पड़ेगा, जिससे कि मेरी ताकत लौट आए।"

बताओ, खूब सारी ताकत और अच्छी सेहत के लिए तुम क्या-क्या खाओगे-पिओगे?

चटपटी अंकुरित दाल	मीठा दूध
गर्म समोसे	रसीला आम
करारे गोलगप्पे	गर्मागर्म साग
कुरकुरी मक्का की रोटी	ठंडी आइसक्रीम
खुशबूदार दाल	रंग-बिरंगी टॉफी

मसालेदार अचार ठंडा शरबत

Answer:

चटपटी अंकुरित दाल, मीठा दूध, कुरकुरी मक्का की रोटी, रसीला आम, गर्मागर्म साग, खुशबूदार दाल।

Page No 77:

Question 1:

अभी तुमने जिन खाने-पीने की चीज़ों के नाम पढ़े, उनकी विशेषता बता रहे हैं ये शब्द-
चटपटी, मीठा, गर्म, ठंडा, कुरकुरी आदि
नीचे लिखी चीज़ों की विशेषता बताने वाले शब्द सोचकर लिखो-

…….	हलवा	…….	पेड़	…….	नमक	…….	चीटी
…….	पत्थर	…….	कुरता	…….	चश्मा	…….	झंडा

Answer:

मीठा	हलवा	घना	पेड़	सफेद	नमक	छोटी	चीटी
चिकना	पत्थर	लंबा	कुरता	मोटा	चश्मा	तिरंगा	झंडा

Question 1:

नीचे लिखे शब्दों में सही जगह पर ॅ या ॅ लगाओ।

धुआ	कुआ	फूक	कहा
स्वतत्र	बाध	मा	गाव
बदगोभी	इतज़ार	पसद	

Answer:

धुआँ, कुआँ, फूँक, कहाँ, स्वतंत्र, बाँध, माँ, गाँव, बंदगोभी, इंतज़ार, पसंद।

Question 1:

धनी को बिन्नी की देखभाल करने की ज़िम्मेदारी दी गई थी। इनकी क्या-क्या ज़िम्मेदारियाँ थीं?

- माँ
- पिता
- बिंदा